सरकार से कर्मचारी महासंघ की 30 सितंबर को वार्ता

जयपुर। राज्य सरकार ने राज्य कर्मचारियों की लंबित मांगों पर विचार करने के लिए अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) को 30 सितंबर को वार्ता के लिए आमंत्रित किया है। यह जानकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने एक बयान में दी।

राठौड़ ने बताया कि वार्ता शासन सचिव वित्त (बजट) विभाग की अध्यक्षता में 30 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे सचिवालय में आयोजित होगी। इसमें शासन सचिव वित्त (व्यय) विभाग एवं शासन सचिव, कार्मिक विभाग के मनोनीत अधिकारी भाग लेंगे। इनके अलावा संयुक्त शासन सचिव-द्वितीय, वित्त (नियम) विभाग भी वार्ता में शामिल होंगे।गौरतलब है कि राज्य कर्मचारियों की मांगों को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने 20 सितंबर को पूरे प्रदेश में ज्ञापन दिवस मनाया था। जिसके तहत सभी जिला कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भिजवाए गए थे। जयपुर में यह ज्ञापन मुख्य सचिव सुधांशु पंत के माध्यम से भिजवाया गया था।

ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार किशोर व युवती को कुचला, मौत

राजधानी के सांगानेर सदर इलाके में मीणा चौक की घटना

जयपुर। राजधानी के सांगानेर सदर इलाके में मीणा चौक में सरिए से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली ने शनिवार सुबह बाइक सवा किशोर व युवती को कुचल दिया। हादसे में उनकी मौत हो गई। दोनों ट्रॉली के पिछले टायर के नीचे आ गए। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी भिजवाया। पुलिस ने अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाइश कर शांत करवाया।

- **गुस्साए लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया।**
- **पुलिस ने अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाइश कर शांत करवाया**

पुलिस ने बताया कि हादसे में बालाजी विहार वाटिका निवासी ओम प्रकाश और मोना शर्मा (24) की मौत हो गई। दोनों मृतक एक ही कॉलोनी में रहते थे। सुबह करीब साढ़े आठ बजे ओमप्रकाश बाइक से मोना को इंडिया गेट स्थित कॉलेज छोड़ने जा रहा था। मोना कॉलेज में बीएड की छात्रा थी। इसी दौरान वाटिका रोड पर मीणा चौक पर सरिए से भरे ओवर लोड ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गए।

ट्रैक्टर-ट्रॉली दोनों को कुचलते ही आगे निकल गई। हादसे के बाद ड्राइवर मौके पर ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। अतिक्रमण के चलते एक्सीडेंट को लेकर लोगों ने रोड जाम कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। सांगानेर सदर थाना पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को गंभीर हालत में महात्मा गांधी हॉस्पिटल भिजवाया। डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को मॉर्च्युरी में रखवाकर परिजनों को एक्सीडेंट की सूचना दी। रोड जाम कर प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि 100 फीट रोड पर अतिक्रमण कर 25 फीट कर दिया गया है। अतिक्रमण के चलते ही आए दिन एक्सीडेंट होते हैं। किसी न किसी की जान जाती है। प्रदर्शनकारियों ने बीच रोड पर टायर जलाकर अपना गुस्सा जाहिर किया। पुलिस ने अतिक्रमण को हटाने का आश्वासन देकर लोगों को शांत करवाया। फायर बिग्रेड को बुलाकर पानी छिड़कवा रोड पर जल रहे टायरों की आग बुझाई। पुलिस की ओर से तुरंत प्रशासन को अवगत करवाकर अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई की गई।

मोबाइल स्नेचिंग करने वाले तीन बाल अपचारी निरुद्ध

जयपुर। मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहगीरों से मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने वाले तीन बाल अपचारियों को निरुद्ध किया है। पुलिस ने उनके पास से स्नेचिंग के दौरान लूटे गए मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। फिलहाल बाल अपचारियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलते राहगीरों से मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने वाले तीन बाल अपचारियों को निरुद्ध किया। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि विरुद्ध किए गए बाल अपचारी मुहाना मंडी में बने सब्जी, फल, अनाज संबंधी विभिन्न टर्मिनल में देर रात्रि में ही विभिन्न प्रांतों एवं जयपुर शहर से आने वाले व्यापारी, किसान, वाहन चालक और ग्राहकों की भीड़ में पल्लेदारी करने के बहाने नजर बचाकर लम्बी दूरी तय करके आए ट्रक चालक और खलासी सहित मोबाइल से बात करते हुए लोगों के मोबाइल छीन कर ले जाते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

सार-समाचार

हनुमान चालीसा का पाठ आज

जयपुर। बदनपुरा चौराहा पर स्थित प्राचीन गणेश मन्दिर पर रविवार को पिछली बार की तरह इस बार भी विशाल हनुमान चालीसा पाठ होगा। गणेश मन्दिर मंहत राजाराम दास ने सभी सनातनियों से अधिक से अधिक संख्या में हनुमान चालीसा पाठ में आने के लिए आहवान किया। साथ ही सुभाष शर्मा ने बताया कि हनुमान चालिसा पाठ में त्रिवेणीधाम स्वामी रामरतन देवाचार्य जी महाराज, श्री अलबेली माधुरी शरण, (सरस निकुंज) महाराज व साथ ही मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, सांसद मंजू शर्मा, विधायक बालमुकुन्द आचार्य व महापौर कुसुम यादव सहित कई लोग उपस्थित रहेंगे। इस दौरान बदनपुरा व्यापार मण्डल अध्यक्ष सोहन प्रजापत ने बताया कि बदनपुरा व्यापार मण्डल की तरफ से पुरे बदनपुरा को सजा दिया गया है व घर-घर पीले चावल बांटकर हनुमान भक्तो को हनुमान चालिसा में आने का निमंत्रण दिया।

बॉलीवुड के भावपूर्ण गीतों की शाम आज

जयपुर। स्वर सुधा म्यूजिक अकेडमी और एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट की ओर से यहाँ शिप्रा पथ मानसरोवर स्थित सुबोध जैन लॉ कॉलेज ऑडिटोरियम में 29 सितंबर को बॉलीवुड के भावपूर्ण गीतों की शाम सजाई जाएगी। इमोशंस नाम से होनेवाले इस कार्यक्रम में हिंदी सिने जगत के वे चुनिंदा गीत प्रस्तुत किये जाएंगे जिनमें अलग-अलग भावों को बखूबी पिरोया गया है। प्रसिद्ध महिला उद्यमी शिखा जैन कार्यक्रम की मुख्य अथिति होंगी जबकि संजीव कोठारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित होंगे। इस मौके पर जयपुर में संगीत जगत से जुडी कई हस्तियों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम शाम 5.30 बजे शुरू होगा तथा इसमें संगीत रसिकों को निःशुल्क प्रवेश मिल सकेगा। स्वर सुधा म्यूजिक अकेडमी की संस्थापक डॉ कांता धवन ने बताया कि राजेंद्र जडेजा के संगीत संयोजन में होनेवाले इस कार्यक्रम में डा.कान्ता धवन, डा. सन्दीप जैन, डा. के के मावर, विशाल कंसोटिया, वंदना दुग्गल, वीनू मितल, डा. अतुल पुरोहित, राजेन्द्र जडेजा, गौरव अग्रवाल, प्रेम भारती, अरुणा जैन, अजय कल्ला, संजीव जैन, नीलम अग्रवाल, तौशिक इदरिस, के पी सक्सेना, निकिता बंसल, इन्दुमती जैन और संजय शर्मा अपने गीत प्रस्तुत करेंगे। बाल कलाकार अनाहिता सिंह, प्रकेत सराफ, प्रिशा वली, अदिति ईश्वर रंदाद, मैत्री नौलखा भी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ राम गुलाटी करेंगे।

जानलेवा हमला करने वाले गिरफ्तार

जयपुर। भांकरोटा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 25 सितम्बर को परिवहन निरीक्षक विनिता चतुर्वेदी पर जान लेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि भांकरोटा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 25 सितम्बर को परिवहन निरीक्षक विनिता चतुर्वेदी पर जान लेवा हमला करने वाले रामराज उर्फ राजु निवासी बासेडा जिला टोंक हाल भांकरोटा जयपुर, गोवर्धन बंजारा निवासी भांकरोटा जयपुर और रवि कुम्हार निवासी भांकरोटा जयपुर को गिरफ्तार किया है।गौरतलब है कि परिवहन निरीक्षक विनिता चतुर्वेदी ने मामला दर्ज कराया था कि परिवहन विभाग के आदेशानुसार स्कूल में चल रहे वाहनों की चेकिंग कर रही थी। एक वाहन का चालान करने के पश्चात परिवहन अधिकारी भांकरोटा से सिरसी जाने वाली रोड पर खारडा कॉलोनी से भांकरोटा की तरफ आ रही थी।इसी दौरान स्कूल में चल रही वैन के चालको ने वैन में सवार होकर परिवहन अधिकारी की गाडी के आगे वेन लगाकर सरियो व डंडों से जान से मारने की नियत से हमला कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को चिन्हित करते हुए आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश करने में जुटी है।

कार्यकारिणी के चुनाव 19 अक्टूबर को

जयपुर। भारतीय किसान संघ की ज़िला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को जयपुर कार्यालय पर हुई। इसमें 19 अक्टूबर को जयपुर प्रांत कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर दायित्व सौंपे गए। संभाग प्रचार प्रमुख डॉ. लोकेश कुमार चन्देल ने बताया कि प्रांत महामंत्री सांवरमल सोलेट ने कहा है कि 19 अक्टूबर को मालवीय नगर के पाथेय भवन में प्रांत कार्यकारिणी के चुनाव होंगे। इसमें जयपुर प्रांत के 18 ज़िलों से कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और जयपुर ज़िले व महानगर के कार्यकार्ताओ को दायित्व सौंपे गए। इससे पूर्व किसान संघ के जयपुर ज़िलाध्यक्ष राधेश्याम शर्मा व मंत्री लक्ष्मीनारायण यादव ने जयपुर ज़िले की कार्यकारिणी के सदस्यों के दायित्व विभाजन करते हुए बताया कि जिला उपाध्यक्ष जगदीश गैना,बजरंग लाल शर्मा तिलपट्टी, सहमंत्री हरफूल निठारवाल, बनवारी स्वामी, संरक्षक तेजा राम सौंढ , युवा प्रमुख ओम प्रकाश लाम्बा,कोषाध्यक्ष भगवान बिजारणिया, गो सेवा प्रमुख रामेश्वर कुमावत , विद्युत प्रमुख बोदूराम निठालवाल,महिला प्रमुख यशोदा , विपणन प्रमुख गोपाल बाँगडा, सहकारिता प्रमुख गोपाल बुनकर , डेयरी प्रमुख यमुना दत्त शर्मा, जल संरक्षण मामराज चौधरी, जैविक प्रमुख कानाराम दादरवाल, शिक्षा प्रमुख हनुमान पीटीआई, प्रचार प्रमुख मुकेश शर्मा, राजस्व प्रमुख ओमप्रकाश, कार्यकारिणी सदस्य रामनिवास पंचोली को बनाया गया। इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष कालूराम बांगडा, बस्सी तहसील अध्यक्ष हरिनारायण शर्मा, मंत्री छाजूराम शर्मा, सह मंत्री सुनील शर्मा ,सुखबीर चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

चिकित्सा शिक्षा सचिव ने एसएमएस अस्पताल का दौरा किया

जयपुर। चिकित्सा शिक्षा विभाग के नव नियुक्त सचिव अंबरीश कुमार ने शनिवार को एसएमएस अस्पताल का दौरा कर व्यवस्थाओं का गहराई से निरीक्षण किया। चार दिन पहले ही पदभार संभालने वाले सचिव अंबरीश कुमार ने अपने पहले ही दौरे में जमीनी स्तर पर जाकर आमजन की समस्याओं को समझने का प्रयास किया। उन्होंने अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर आम नागरिक की तरह करीब छह मिनट तक बैठकर मरीजों और उनके परिजनों की होने वाली समस्याएं जानी। इस दौरान उन्हें अस्पताल की कई व्यवस्थाओं में खामियां नजर आईं, जिनके सुधार के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान, सचिव ने अस्पताल की साफ-सफाई से लेकर इमारतों के रखरखाव तक का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में जगह-जगह बिखरे कचरे और दीवारों पर जगह-जगह उखडते पेंट को देखकर नाराजगी जताई। इसके साथ ही, अस्पताल की बिल्डिंगों पर उग आए पेडों को तुरंत हटाने के निर्देश दिए।

खाते से करीब दो लाख रुपए निकाले

जयपुर। जवाहर सर्किल इलाके में अज्ञात बदमाशों ने एक युवक का मोबाइल पार कर लिया और फिर उसके खाते से करीब दो लाख रुपए की राशि निकाल ली। ठगी का पता उसे बैंक जाने पर लगा। पुलिस के अनुसार मालपुरा टोंक निवासी मोहम्मद ईसा नकवी ने मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से जयपुर आया था। दुर्गापुरा बस स्टैंड पर बस का इंतजार करने के दौरान किसी ने उसका मोबाइल जेब से पार कर लिया।इसके बाद बदमाशों ने उसके दो बैंक खातों से 190021 रुपए निकाल लिए। ठगी का पता उसे बैंक जाने पर लगा। इस पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छात्र का अपहरण किया

जयपुर। भांकरोटा इलाके में कार सवार चार बदमाशों ने एक छात्र को अगवा कर लिया और उससे मारपीट कर नकदी छीन ली। इसके बाद बदमाश उसे सुनसान स्थान पर छोड़कर भाग निकले। पुलिस के अनुसार टपुकड़ा निवासी लक्ष्य गुप्ता ने मामला दर्ज करवाया कि वह जे के लक्ष्मी यूनिवर्सिटी के बाहर खड़ा था। इसी दौरान कार सवार चार बदमाश आए और उसे जबरन कार में पटक लिया। इसके बाद बदमाशों ने उससे मारपीट की और उसके पास मौजूद नकदी को छीन लिया। इसके बाद बदमाश उसे सुनसान स्थान पर पटक कर फरार हो गए। इस पर पीड़ित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। मामला 23 सितम्बर की शाम सात बजे का है।

अरिजीत बनर्जी ने राजस्थान के वन्यजीव और जैव विविधता पर चर्चा की

जयपुर। जयपुर के अशोक क्लब में टेल्स फ्रॉम द वाइल्ड शीर्षक पर एक रोचक टॉक सेशन आयोजित किया गया। सेशन में प्रतिष्ठित भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अरिजीत बनर्जी ने हिस्सा लिया, जो वन संरक्षण और प्रबंधन में अपने योगदान के लिए काफी प्रसिद्ध हैं। इस दौरान बनर्जी ने एक वन अधिकारी के रूप में अपने अनुभव, राज्य के समृद्ध वन्य जीवन के बारे में अपनी अंतर्दृष्टि साझा की, जिसमें उन्होंने विभिन्न पक्षियों और जीवों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शहर के वन्यजीव और प्रकृति प्रेमियों ने भाग लिया।

बनर्जी ने बताया कि किस प्रकार उनके बचपन ने उन्हें प्रकृति से प्रेम करना और इसका गहन पर्यवेक्षक बनना सिखाया। वह बचपन से ही पक्षियों और जीवों को देखने, उनके व्यवहार, सौंदर्य और आपस में चर्चा करने के तरीकों का अवलोकन करने में घंटों बिताते थे। उनकी इसी रुचि ने उन्हें अपनी दिशा तय करने में मदद की।



भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अरिजीत बनर्जी ने टॉक शो में हिस्सा लिया।

एक प्रजेंटेशन के माध्यम से बनर्जी दर्शकों को राजस्थान के जीवंत पारिस्थितिकी तंत्रों की यात्रा पर ले गए, जिसमें उन्होंने विभिन्न प्रकार की पक्षी प्रजातियों जैसे कि लेसर और कॉमन केस्ट्रल, रेड-नेक्ड और पेरेग्रीन फाल्कन, मर्लिन, टैनी, स्टेपी, पूर्वी इंपीरियल और सफेद पूंछ वाला ईगल, आदि के बारे में चर्चा की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने इंडियन रेगिस्तानी जर्ड, इंडियन खरगोश, इंडियन कोबरा, रॉक पायथन, बंगाल मॉनिटर, स्लॉथ बियर, इंडियन हेजहॉग और इंडियन ग्रे वुल्फ जैसे विभिन्न जीवों पर भी प्रकाश डाला, उनकी अनूठी विशेषताओं और राजस्थान के विशिष्ट क्षेत्रों के बारे में भी विस्तार से बताया, जहां वे निवास करते हैं। बनर्जी ने जिन प्रमुख बिंदुओं पर जोर दिया उनमें से एक था वन्यजीव अपराधों, जैसे कि पशुओं के अवैध शिकार की जांच में विज्ञान और तकनीकी प्रगति की आवश्यकता। उन्होंने कहा कि शिकारियों के विरुद्ध दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के लिए साक्ष्य एकत्र करना महत्वपूर्ण है, जो स्पष्ट रूप से उनके द्वारा किसी पशु को नुकसान पहुंचाने या मारने के इरादे को प्रदर्शित करते हों। वार्ता का समापन प्रश्न उत्तर सत्र के साथ हुआ।

कीटनाशक छिड़काव के कारण रामनिवास बाग दो दिन बंद रहेगा

जयपुर। जेडीए सचिव निशांत जैन ने बताया कि रामनिवास बाग में स्थित अल्बर्ट हॉल के सामने पक्षियों को दाना डालने, बाग परिसर में स्थित मंदिर व मजार के आसपास श्रद्धालुओं द्वारा भिखारियों को भोजन कराने व बाग में लगने वाले ठेले खोमचों द्वारा खाद्य वस्तुओं को बेचने के कारण बहुत अधिक संख्या में चूहे पनप गये हैं।

चूहों की बढ़ती संख्या से रामनिवास बाग स्थित इमारतों व पेड-पौधों को भारी नुकसान होने के साथ ही साथ संक्रमण व महामारी फैलने की संभावना भी है, परिणामतः चूहों की रोकथाम हेतु पार्क में कीटनाशकों का उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। कीटनाशकों की दुर्गन्ध से आमजन को होने वाली परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुये 30 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक रामनिवास बाग को बंद रहेगा।

अधिकारियों और कर्मचारियों ने सफाई की

जयपुर। जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिले के राजकीय कार्यालयों में शनिवार को नजारा कुछ अलग था। अवकाश के दिन अधिकारी एवं कर्मचारी हाथ में झाड़ू एवं कपड़ा लिए अपने कार्यालय एवं कार्यालय परिसर की सफाई करते नजर आए।

- **उपखंड कार्यालयों से लेकर पंचायत कार्यालय तक चला स्वच्छता अभियान**

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शनिवार को जिले के सभी उपखंड अधिकारी कार्यालय से लेकर पंचायत कार्यालय तक साफ-सफाई की गई। कर्मचारियों के साथ अधिकारियों ने भी हाथ में झाड़ू और कपड़ा थाम कर कार्यालय की सफाई की। सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित सभी विभागों के कार्यालयों में साफ-सफाई की गई।

सोनी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस सकारात्मक पहल से जिले के राजकीय कार्यालयों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में मदद मिलेगी, कार्मिकों की कार्यक्षमता में अभिवृद्धि होगी एवं आगंतुकों को भी सुविधाजनक वातावरण मिलेगा। साथ ही आमजन में भी स्वच्छता को लेकर प्रेरणा मिलेगी। जिला कलक्टर के निर्देश पर जिला कलक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं में भी साफ-सफाई की जाएगी। अधिकारी एवं कर्मचारी प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक अपने कार्यालय में सफाई करेंगे। इस दौरान साफ-सफाई के साथ-साथ क्षतिग्रस्त फर्निचर एवं अनावश्यक सामग्री का निस्तारण भी किया जाएगा। मच्छर पनपने से रोकने के लिए व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये गए हैं।

आरएमएससीएल की बोर्ड बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

जयपुर। राजस्थान चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड की 96वीं बोर्ड बैठक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ की अध्यक्षता में स्वास्थ्य भवन में आयोजित की गई।

बैठक में प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि आमजन को बेहतर उपचार के लिए निशुल्क दवा योजना के सुचारू संचालन में आरएमएससीएल की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रसन्नता की बात है कि विगत काफी समय से बेहतरीन प्रबंधन सुनिश्चित करते हुए आरएमएससीएल निःशुल्क दवा योजना के संचालन में देश में अग्रणी है। भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता से काम करते हुए दवा आपूर्ति प्रबंधन को तकनीकी नवाचारों के साथ और सुदृढ़ किया जाए। आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि बैठक में दवाओं, सर्जिकल, सूचर्स व चिकित्सीय उपकरणों के उपापन के लिए के निविदाओं के अनुमोदन के संबध में निर्णय लिए गए। साथ ही निदेशक मण्डल द्वारा निविदाओं के उपापन, तकनीकी विशिष्टताओं आदि के संबध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। गिरि ने उपस्थित सभी निदेशकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

- **बैठक में दवाओं, सर्जिकल, सूचर्स व चिकित्सीय उपकरणों के उपापन के लिए के निविदाओं के अनुमोदन के संबध में निर्णय लिए गए**

बैठक में प्रमुख शासन सचिव आयुर्वेद, शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग, आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, मिशन निदेशक एनएचएम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजस्थान एश्योरेंस एजेंसी, निदेशक (बजट), निदेशक जनस्वास्थ्य सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

किशोरी से युवक ने छेड़छाड़ की

जयपुर। हरमाड़ा इलाके में सोते समय एक युवक द्वारा किशोरी से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर बदमाश मौके से भाग निकला। इस पर पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। इस पर परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। पुलिस के अनुसार इलाके की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी ने मामला दर्ज करवाया कि वह घर पर सो रही थी।

इसी दौरान नरसी उसके घर में घुस आया और उससे छेड़छाड़ करने लगा। नींद खुली तो उसने आरोपी को अपने नजदीक देखकर चिल्लाना शुरू कर दिया। इस पर आरोपी ने उसका मुंह भींच लिया और मौका देखकर वहां से भाग निकला। चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन वहां पर आ गए और आरोपी का पीछा किया, लेकिन वह फरार हो गया।

अनेक कलाकारों ने सजाया स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के गाए गीतों का गुलदस्ता

जयपुर। शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान के संस्थान परिसर में चल रहे तीन दिवसीय संगीत समारोह के दूसरे दिन शनिवार को स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की याद में गीतों भरी शाम संजोई गई। गिटारिस्ट वत्सल अनुपम के निर्देशन में सजी गीतों की महफिल में स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के गाए गीतों का गुलदस्ता अनेक बाल व युवा कलाकारों ने अपनी आवाज से सजाया। कलाकारों ने लताजी के गाए हर जोनर के गीतों को सुर, लय और ताल की उम्दा बानगी के साथ पेश कर मौजूद अनेक श्रोताओं के दिलों को छू लिया।

कार्यक्रम में प्रियंका, योगिता ने दिल दीवाना...,गर्विता मंगल व गौरव गुप्ता ने परदेशिया ये सच है पिया..., जगदीश जीनगर ने तेरे नयना क्यूं भर आए..., वनिता हीरानी ने अजीब दास्तां है ये..., प्राजक्ता जायसवाल ने घर आजा घिर आई बदरा..., कशिश कंवर ने उनको ये शिकायत है..., रियाशी अग्रवाल ने जाने क्या बात है... विमर्श स्वामी ने रोज शाम आती थी..., देवना शाह ने जाने कैसे कब कहां..., तन्विका दीक्षित ने मेरे नसीब में..., भूमिका राठौर ने वो है जरा खफा..., जीनस कंवर ने आपकी नजरों ने..., माही ने बीती ना बिताई...और जयती कुमारी ने किसी राह में... जैसे सुपरहिट गीतों को सुरीले अंदाज में पेश कर माहौल को मेलॉडियश बना दिया। इस प्रकार रजनी कुमावत, पीडी गुप्ता, अदित्रि मुखर्जी, गीत शर्मा, हिमांशु वर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह, सोनू सोनी, सुमित्रा अग्रवाल प्रीति प्रधान ने भी गीत सुनाए।

शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान में चल रहे तीन दिवसीय संगीत समारोह के दूसरे दिन लता मंगेशकर की याद में गीतों भरी शाम संजोई गई।

महिला के सुसाइड मामले में न्याय की गुहार

जयपुर। झोटवाड़ा इलाके में छह दिन पहले महिला के सुसाइड मामले में परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई है। महिलाओं के संगठन ने गुरुवार को झोटवाड़ा थाने पर विरोध-प्रदर्शन किया था।

परिजनों का आरोप था कि पति के टॉर्चर से परेशान होकर ज्योति ने फंदा लगाकर सुसाइड किया है। बड़ी संख्या में थाने पर मौजूद महिलाओं ने पुलिस अफसरों से ज्योति के संबंध में अपनी बात रखी थी। पुलिस अफसरों ने जल्द उचित कार्रवाई करने का आश्वासन देकर मामला शांत करवाया था। पुलिस का कहना है कि सुसाइड मामले में गुरुवार को मृतक ज्योति तिवाड़ी के बेटे-बेटी से पूछताछ की। जल्द ही परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि फतेह कॉलोनी झोटवाड़ा निवासी ज्योति उर्फ मीनू ने सोमवार रात फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया था। इस संबंध में ज्योति के पिता नरेन्द्र कुमार शर्मा ने दामाद के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया था। परिजनों की ओर से जल्द उचित कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की जा रही है।

वॉयस ऑफ डॉक्टर्स के प्री-फिनाले में चला सुरों का जादू

जयपुर। देश-विदेश से शामिल हुए डॉक्टर्स के सुरों से वीकेंड की शाम गुलजार हुई। शनिवार को यह अवसर था डॉक्टर्स के सबसे बड़े ग्लोबल सिंगिंग कॉम्पिटिशन- वॉयस ऑफ डॉक्टर्स के दूसरे सीजन के ग्रैंड फिनाले का। सीतापुरा स्थित जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर (जेईसीआरसी) में आयोजित इस फिनाले में डॉक्टर्स ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रविवार को इसका ग्रैंड फिनाले सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित किया जाएगा। इसमें प्लेबैक सिंगर अमित कुमार, पद्मश्री कविता कृष्णमूर्ति और कुणाल गांजावाला द्वारा भी प्रस्तुतियां दी जाएगी।

- **रविवार को होगा ग्रैंड फिनाले, सिंगर अमित कुमार, कविता कृष्णमूर्ति और कुणाल गांजावाला भी देंगे प्रस्तुतियां**

डॉ. जितेंद्र एस मक्कड़ और डॉ. सौरभ जैन पद्मश्री कविता कृष्णमूर्ति का जयपुर में स्वागत करते हुए।

आईजी विजिलेंस आईपीएस प्रफुल्ल कुमार, इटर्नल हॉस्पिटल की एमडी व को-चेयरपर्सन मंजू शर्मा, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन अमित अग्रवाल, इटर्नल हॉस्पिटल की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. मनमीत मक्कड़, सिंगर सीमा मिश्रा, वॉयस ऑफ डॉक्टर्स की आयोजन समिति के चेयरमैन, डॉ. जितेंद्र एस मक्कड़, सचिव डॉ. सौरभ जैन, म्यूजिक मेंटर डॉ. गौरव जैन और सारेगामा मेगा फिनाले 1998 के विजेता मोहम्मद वकील ने द्वीप प्रज्जवनल कर इसकी शुरुआत की। 55 प्लस कैटेगरी में दिल्ली के डॉ. अजीत कुमार की कौन है जो सपनों में आया प्रस्तुति के साथ प्री-फिनाल की शुरुआत हुई। इनके बाद यूएसए की ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अंशु महर्षि ने कैसी पहेली जिंदगानी गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी। अन्य श्रेणियों में डॉ. रीना चौधरी ने अंग लगा दे रे, केन्या के डॉ. मनीष कल्ला ने लाई वी ना गई, ओमान के डॉ. जगदीश ने जीवन से भरी गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं।

बदमाशों ने थानेदार को टक्कर मारकर घायल किया

जयपुर। साइबर ठगी के मामले में बदमाशों को पकड़ने आई महाराष्ट्र पुलिस के थानेदार पर बदमाशों ने गाड़ी चढ़ा दी। बदमाश थानेदार को टक्कर मारकर कार से भाग निकले। साइबर थाने के सीआई ने जवाहर सर्किल थाने में जानलेवा हमला और राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार साइबर सेल क्राइम ब्रांच पिपरी चिंचवड के सीआई प्रवीण शिवहार ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपनी टीम के साथ 26 सितम्बर को जयपुर में दो बदमाशों को पकड़ने आए थे। तलाशी के दौरान एक बदमाश की लोकेशन जवाहर सर्किल के नजदीक आई। इस पर वहां पहुंचकर कार सवार बदमाशों को रोका। इस पर बदमाशों ने उस पर कार चढ़ा दी।

वह बदमाशों की कार के बोनट के ऊपर से सड़क पर जा गिरा और बदमाश कार लेकर भाग निकले। कार में अक्षत गोयल व एक अन्य सवार थे। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। हालांकि साइबर पुलिस पहले से ही एक बदमाश को पकड़कर लाई थी और दूसरे की तलाश कर रही थी।

जांच अधिकारी एसआई शेर सिंह ने बताया कि बदमाश को पकड़ने के लिए साइबर थाना पुलिस सादा वर्दी और प्राइवेट वाहन से आई थी। कार्रवाई से पहले पुलिस ने स्थानीय पुलिस को भी सूचना नहीं दी। महाराष्ट्र पुलिस ने अक्षत और उसके कुछ साथियों को कार सहित रोका था। पूछताछ के दौरान बदमाशों ने सीआई प्रवीण शिवहार को टक्कर मार दी और कार लेकर भाग निकले। टक्कर मारने से शिवहार मामूली घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इस मामले में फरार बदमाशों की खोजबीन जारी है।

जांच में सामने आया कि जिस कार से बदमाशों ने सीआई को टक्कर मारी,वह किराए पर ली गई थी। यह जानकारी कार के नम्बरों के आधार पर पता चली। फिलहाल बदमाश पुलिस की पकड़ से दूर है। अगर महाराष्ट्र पुलिस इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस को साथ लेती या वह ड्रेस में होती तो उसके साथ इस तरह की घटना नहीं होती। यह घटना 26 सितम्बर की शाम पांच बजे की है। घटना का सीसीटीवी फुटेज लेकर बदमाशों की तलाश में जगह-जगह दबिश दी जा रही है।